Awarded & Certitifed with No. 1 Institute in Jharkhand

# NIBM

ISO 9001-2008 Certified

Hindi

9 Aug 2023

Follow us on

IBPS
SBI, RRB S.O. & All..

BANK

SSC

RAILWAY
Tech./Non Tech.

COMBIND
(BANK + SSC + RLY)

COMPUTER
(DCA, TALLY, DTP etc.)

UPSC/JPSC
& Others

INTERVIEW

Save this Number
9334726278
For Free Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Next New Batches Start From
Monday & Thursday

Daily Current Affairs Booster

Contact : 09334726278, 0651-2560712

# Daily Current Affairs

Address : 4th Floor, Shree Sai Tower, Circular Road, Ranchi

Awarded & Certitifed with No. 1 Institute in Jharkhand

NIBM

## 9 अगस्त का इतिहास

- **1942 :** मुंबई में भारत छोड़ो आंदोलन के साथ करो या मरो का नारा देने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 50 समर्थकों के साथ गिरफ्तार किए गए।
- **1971 :** भारत और पाकिस्तान ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1942 :** स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने मलेशिया में जापान की मदद से इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना की।
- **1963 :** रूस की राजधानी मास्को में परमाणु हथियारों की परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर करने वाला भारत पहला देश बना

## 9 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स काउंसिल की 51वीं बैठक ने ऑनलाइन गेमिंग पर किए गए सभी दांवों के पूरे मूल्य पर 1 अक्टूबर से 28% कर लगाने का निर्णय लिया हैं। भारत की वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी 1 अक्टूबर से प्रभावी होगी। यह निर्णय कैसिनो, हॉर्स रेसिंग और ऑनलाइन गेमिंग में आपूर्ति के कर पर स्पष्टता प्रदान करने का उद्देश्य रखता है।
- रेल मंत्रालय और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे भारतीय रेलवे के लिए भारत 5जी टेस्टबेड की स्थापना की जाएगी। इस टेस्टबेड को सिकंदराबाद में इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ सिग्नल इंजीनियरिंग और टेलीकम्युनिकेशन में स्थापित किया जाएगा। इस संस्थान का उद्देश्य भारतीय रेलवे के लिए 5जी यूज केस के टेस्टिंग और विकास को समर्पित करना होगा। आईआरआईएसईटी और आईआईटी मद्रास के बीच हस्ताक्षर किए गए एमओयू का उद्देश्य भारतीय रेलवे को संचार के क्षेत्र में स्वदेशीकरण के प्रयासों को गति देना और भारतीय रेलवे के लिए एक टेस्टिंग सुविधा बनाना है।
- ओडिशा सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजना के कवरेज को असंगठित श्रमिकों की 50 और श्रेणियों तक विस्तारित किया जिसमें डिलीवरी बॉय, नाविक और फोटोग्राफर शामिल हैं, इस योजना का उद्देश्य आकस्मिक या प्राकृतिक मृत्यु के मामले में वित्तीय सहायता प्रदान करना हैं।
- भारत में चिकित्सीय देखभाल, कल्याण और योग जैसे चिकित्सा उपचार के लिए आने वाले विदेशी नागरिकों के लिए गृह मंत्रालय द्वारा आयुष वीजा श्रेणी शुरू की गई है।
- संघीय शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शैक्षिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और अन्य अल्पसंख्यक जनजातियों के संबंध में विरोध भेदभाव दिशा-निर्देशों को संशोधित करने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल का गठन किया। एक्सपर्ट पैनल का प्राथमिक उद्देश्य परिसरों में मौजूदा भेदभाव विरोधी नीतियों और प्रथाओं की व्यापक समीक्षा करना, अंतराल और कमियों की पहचान करना और सुधार का प्रस्ताव देना है।
- विदेश में मरने वाले भारतीयों के अवशेषों के हस्तांतरण की सुविधा के लिए ई-केयर पोर्टल लॉन्च किया गया। यह पोर्टल विदेशों में भारतीयों के शवों को वापस लाने में होने वाली देरी से बचने के लिए शुरू किया गया। इस पोर्टल से सेंट्रल इंटरनेशनल हेल्थ डिवीजन, नोडल अधिकारी, कंसाइनी और एयलाइंस को ईमेल, एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए जानकारी मिलेगी। नामित नोडल अधिकारी आवेदन की जांच कर 48 घंटे के अंदर मंजूरी देंगे।
- सरकार ने अनुबंध संबंधी विवादों के निपटान के लिए विवाद से विश्वास-2 योजना की शुरूआत की हैं। इस योजना को वित मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा शुरू किया गया हैं। इस योजना को केंद्रीय बजट 2023-2024 में घोषित किया गया था। योजना के तहत 30 सितंबर 2022 तक के विवादों को शामिल किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य निजी पार्टियों के साथ सरकार के अनुबंध संबंधी विवादों को हल करना हैं। साथ ही मुकदमेबाजी के लंबित को दूर करना और व्यापार करने में आसानी में सुधार करना है।
- सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी 1960 से सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर रही हैं। इस संस्करण से सोसायटी अंडर-17 लड़कों के लिए सुब्रतो XI टीम का गठन करेगी। यह टीम 2023-2024 तक अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ युवा प्रतियोगिता में भी भाग लेंगी।
- भारतीय अमेरिकी शोहिनी सिन्हा को एफबीआई का विशेष प्रभारी एजेंट नियुक्त किया गया। उन्हें अमेरिकी राज्य यूटा के साल्ट लेक सिटी में एफबीआई के फील्ड कार्यालय के प्रभारी विशेष एजेंट के रूप में नियुक्त किया गया हैं। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने सिन्हा को नियुक्त किया, जो आतंकवाद विरोधी जांच पर अपने काम के लिए जानी जाती हैं।
- एसबीआई ने अपने तीसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर बांड जारी करने के माध्यम से 7.54% की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रूपये जुटाए। इस निर्गम के लिए प्रतिफल जनवरी में बैंक द्वारा जारी इन्फ्रास्ट्रक्चर बांड के लिए 7.7% प्रतिफल से कम था।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय मूलनिवासी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 8 अगस्त (B) 9 अगस्त

(C) 10 अगस्त (D) 11 अगस्त

**(B)** कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों से 9 अगस्त को पूरी दुनिया में मनाए जाने वाले विश्व के मूल निवासियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस को आदिवासी गौरव पर्व के रूप में मनाने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के कार्यकाल में आरिवासियों के अधिकारों में हो रही कथित कटौती के खिलाफ उनके संघर्ष के प्रति एकजुटता प्रकट करने को कहा है।




**2. हाल ही में किस राज्य में मुफ्त चिकित्सा सेवाएं और उपचार प्रदान किया जाएगा ?**

(A) महाराष्ट्र (B) केरल

(C) तेलंगाना (D) कर्नाटक

**(A)** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं और उपचार प्रदान करने का निर्णय लिया हैं। इसकी घोषणा महाराष्ट्र के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने की और राज्य कैबिनेट ने इस फैसले को मंजूरी भी दे दी है। 15 अगस्त से नागरिक निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं और उपचार का लाभ उठा सकते हैं।



**3. हाल ही में भारत सरकार द्वारा पीएम-कुसुम योजना को कब तक बढ़ा दिया गया है?**

(A) 31 दिसंबर 2024 (B) 31 सितंबर 2025

(C) 31 मार्च 2026 (D) 31 जनवरी 2027

**(C)** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजना से लगभग 2.46 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। पीएम कुसुम योजना को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया हैं। यह योजना सौर पंपों की स्थापना, मौजूदा ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों के सौरीकरण और ग्रिड से जुड़े नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना का प्रावधान करती है।




**4. हाल ही में किस राज्य में मुख्यमंत्री ने अमृत वृक्ष आंदोलन वेब पोर्टल/मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया ?**

(A) असम (B) बिहार

(C) केरल (D) आंध्रप्रदेश

**(A)** अमृत वृक्ष आंदोलन वेब पोर्टल/मोबाइल एप्लीकेशन वन एवं पर्यावरण विभाग का हैं। असम के मुख्यमंत्री ने लकड़ी आधारित उद्योग पंजीकरण वेब पोर्टल भी लॉन्च किया। अमृत वृक्ष आंदोलन एक पहल है जिसका उद्देश्य 17 सितंबर 2023 को व्यक्तियों द्वारा राज्य भर में 1 करोड़ व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य पौधे लगाना है।



**5. भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में कितनी सरकारी कंपनियों पर जुर्माना लगाया ?**

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 7

**(C)** भारतीय रिजर्व बैंक ने ओवरसीज इन्वेस्टमेंट की देर से जानकारी देने को लेकर 4 सरकारी कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। इन कंपनियों में ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, इंड़ियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड गेल इंडिया लिमिटेड और ऑयल इंडिया लिमिटेड शामिल हैं। इन चारों कंपनियों को 2000 करोड़ रूपये का लेट सबमिशन फीस देना होगा।



Awarded & Certitifed with No. 1 Institute in Jharkhand
NIBM

**6. हाल ही में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को कितने साल का और विस्तार मिला है ?**

(A) 1 साल (B) 3 साल
(C) 4 साल (D) 5 साल

**(A)** कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 अगस्त 2023 से आगे एक वर्ष की अवधि के लिए कैबिनेट सचिव के रूप में राजीव गौबा के विस्तार को मंजूरी दी। श्री गौबा को इस पद पर तीसरी बार विस्तार दिया गया है। नियुक्ति समिति ने एआईएस नियम, 1958 और मौलिक नियमों के नियम 56 में छूट देते हुए श्री गौबा की नियुक्ति बढ़ाई है।



**7. हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2023 में सरकारी कर्ज कितने लाख करोड़ रूपये रहा ?**

(A) 125.2 लाख करोड़ (B) 155.6 लाख करोड़
(C) 215.5 लाख करोड़ (D) 355.5 लाख करोड़

**(B)** मार्च 2023 में भारत सरकार का कर्ज 155.6 लाख करोड़ था, जो देश की जीडीपी का 57.1 प्रतिशत था। यह 2020-2021 में सकल घरेलू उत्पाद के 64.5% से कमी का प्रतिनिधित्व करता है, जो ऋण स्तर को प्रबंधित करने के प्रयासों को दर्शाता हैं। सरकार ने वृहद और सूक्ष्म दोनों स्तरों पर पूंजीगत व्यय, आर्थिक विकास और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं भी लागू की है।



**8. हाल ही में एनएमडीसी के नए लोगो का अनावरण किसके द्वारा किया गया है ?**

(A) ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया (B) एस. जयशंकर
(C) सर्बानंद सोनोवाल (D) अमित शाह

**(A)** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनएमडीसी का नया लोगो दर्शाता है कि कैसे भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक वैश्विक स्तर पर खनन के लिए तैयार हैं। उन्होंने एनएमडीसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएमडीसी ने पिछले साल ही 40 मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन को पार कर लिया है।



**9. हाल ही में किस मंत्रालय ने ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को अपग्रेड कर नवरत्न का दर्जा दिया ?**

(A) कारपोरेट कार्य मंत्रालय
(B) सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय
(C) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(D) वित मंत्रालय

**(D)** वित मंत्रालय ने ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को अपग्रेड कर नवरत्न का दर्जा दे दिया। मंत्रालय की मंजूरी के बाद ओएनजीसी विदेश अब कैटेगरी 1 मिनीरत्न से नवरत्न सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइस हो गई हैं। सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइस की लिस्ट में ओएनजीसी विदेश 14वीं नवरत्न कंपनी हो गई है।

**10. हाल ही में चर्चा में रही अटल वयो अभ्युदय योजना किससे संबंधित है ?**

(A) वरिष्ठ नागरिक (B) नवीरकणीय संसाधन
(C) बायोडीजल (D) ग्रामीण विकास

**(A)** अटल वयो अभ्युदय योजना भारत में वरिष्ठ नागरिकों सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल हैं। इसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा पेश किया गया था। यह योजना बुजुर्गो द्वारा समाज में किए गए अमूल्य योगदान को मान्यता देती हैं और उनकी भलाई एवं सामाजिक समावेश सुनिश्चित करना चाहती है।



Atal Vayo Abhyuday Yojana 2023

Contact : 09334726278, 0651-2560712